भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1581
(12 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

उत्तराखंड में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत लाभार्थी

1581# श्री महेंद्र भट्ट:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखंड में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए ग्रामीण युवाओं की संख्या कितनी है; और

(ख) इस संबंध में वर्तमान रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क): उत्तराखंड में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीण युवा और उत्तराखंड राज्य को प्रारंभ से नवंबर, 2025 तक जारी की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

डीडीयू-जीकेवाई के तहत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या	**डीडीयू-जीकेवाई के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या**	**डीडीयू-जीकेवाई के तहत जारी की गई कुल निधियां (₹ लाख में)**
25113	15820	18788.13

(ख): वर्तमान में, उत्तराखंड राज्य में डीडीयू-जीकेवाई 1.0 के तहत 8 ट्रेडों/पाठ्यक्रमों में (अनुबंध के अनुसार) 22 बैचों में 683 अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इसके अलावा, डीडीयू-जीकेवाई 2.0 के तहत, उत्तराखंड राज्य को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2783 का प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित किया गया है। राज्य रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) पहले ही आमंत्रित कर चुका है और 175 परियोजना आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से राज्य परियोजना अनुमोदन समिति (एसपीएसी) द्वारा आगे विचार किए जाने के लिए 54 आवेदन पात्र पाए गए हैं।

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1581 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

ट्रेड/पाठ्यक्रम के नाम नीचे दिए गए हैं:

i. असिस्टेंट डिज़ाइनर – फैशन, होम और मेड-अप्स
ii. डेमी शेफ़ डे-पार्टी
iii. फूड एंड बेवरेज सर्विस असिस्टेंट
iv. किचन स्टीवर्ड
v. ऑफ़िस ऑपरेशन्स एग्ज़ीक्यूटिव
vi. रिटेल सेल्स असिस्टेंट
vii. रिटेल सेल्स एग्ज़ीक्यूटिव
viii. सिलाई मशीन ऑपरेटर

*****